# उत्तराखंड : आपदा से क्षतिग्रस्त हुई विद्युत लाइनों का क्षतिपूर्ति करेगी केन्द्र सरकार

**विद्युत संयंत्र**

**-मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड को कोयला आधारित संयंत्रों से 400 मेगावाट स्थायी आवंटन की मांग**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह से भेंट की। इस दौरान उत्तराखंड को कोयला आधारित संयंत्रों से 400-450 मेगावाट स्थायी आवंटन और आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुई विद्युत लाइनों का क्षतिपूर्ति का अनुरोध किया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने विद्युत लाइनों के क्षतिपूर्ति का प्रतिपूर्ति करने और बॉर्डर एरिया में विद्युत लाइनें और विद्युत संयंत्र स्थापित करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य की ऊर्जा सुरक्षा के दृष्टिगत बेस लोड सुरक्षित किये जाने और राज्य को व्यापक विद्युत कटौती से मुक्त रखे जाने के लिए उत्तराखंड राज्य को कोयला आधारित संयंत्रों से 400 मेगागावाट स्थायी आवंटन किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुई विद्युत लाइनों एवं टावरों को पुनर्स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार से सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि क्षतिग्रस्त लाइनों की क्षतिपूर्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी। क्षतिग्रस्त विद्युत टावरों का सर्वे कराकर इसकी रिपोर्ट केन्द्र सरकार को भेजी जाएं। इसका परीक्षण कराकर प्रतिपूर्ति पर विचार किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने बॉर्डर एरिया में विद्युत लाइनें और विद्युत संयंत्र शीघ्र स्थापित करने का अनुरोध किया, इसके लिए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहाड़ी राज्यों के लिए मानक अलग से निर्धारित कर शीघ्र बॉर्डर एरिया में विद्युत लाइनें और विद्युत संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार को केंद्रीय पूल से अतिरिक्त विद्युत उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने इस पर सहमति प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सोलर ऊर्जा, हाइड्रो पावर एवं कोयला से विद्युत उत्पादन के लिए दीर्घकालिक योजना पर कार्य किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने माह अप्रैल से सितम्बर 2023 तक औसतन 300 मेगावाट विद्युत प्रतिमाह अनएलोकेटेड कोटा से उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य में ऊर्जा की कुल उपलब्धता में 60 प्रतिशत से अधिक जल ऊर्जा संयंत्रों से है, जिसमें मौसमी परिवर्तन के साथ उपलब्धता में व्यापक उतार-चढ़ाव होता है और शीत ऋतु में उत्पादन लगभग एक तिहाई रह जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की तकनीकी समिति ने अपनी रिपोर्ट में उत्तराखंड राज्य में बेस लोड की अनुपलब्धता स्वीकार करते हुए राज्य को कोयला आधारित संयंत्रों से अतिरिक्त रूप से लगभग 400 मेगावाट विद्युत उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए अपनी संस्तुति दी है।

# गंगोत्री हाइवे बस हादसा : आईजी गढ़वाल ने अस्पताल पहुंच लिया घायलों का हालचाल

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
गंगोत्री हाइवे पर गंगनानी के पास कल हुए बस हादसे में घायल श्रद्धालुओं का हालचाल जानने को सोमवार को पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र, करन सिंह नगन्याल यहां पहुंचे। उन्होंने जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और उनसे उपचार के साथ अन्य जरूरी जानकारी ली। दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच और अन्य कानूनी कार्रवाइयों को त्वरित रूप से करने के निर्देश दिए गए हैं।

आईजी नगन्याल ने बताया कि गोल्डन आवर्स (कम समय) में घायलों को रेस्क्यू किया गया, जिससे अधिकाधिक यात्रियों जान बचाई जा सकी। इसके लिये उन्होंने जिला पुलिस प्रशासन और स्थानीय लोगों की सराहना की। घायल तीर्थयात्रियों ने भी जिला पुलिस प्रशासन और गढ़वाली लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया है।




गौरतलब है कि इस दुर्घटना में 28 तीर्थयात्री घायल हुए थे। इनमें से 14 लोगों को हायर मेडिकल सेंटर रेफर किया गया है जबकि 07 मृतकों के शवों को पंचायतनामा की कार्रवाई के उपरांत सोमवार प्रातः जौलीग्रांट के लिए भेज दिया गया है। इस दौरान जिलाधिकारी उत्तरकाशी अभिषेक रुहेला, पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी व अन्य पुलिस अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### मूसलाधार बारिश से टपकेश्वर महादेव मंदिर का पुश्ता ढहा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राजधानी दून में देर रात से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण यहां के प्रसिद्ध टपकेश्वर महादेव के मंदिर परिसर को नुकसान हुआ है। टपकेश्वर महादेव मंदिर के लिफ्ट वाले हिस्से का पुश्ता ढह गया है, जिसका मलबा हटाया जा रहा है।

रविवार शाम से शुरू हुई बरसात ने राजधानी देहरादून में कई जगहों पर नुकसान किया है। बीती शाम से लगातार सुबह तक हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से शहर के कई इलाकों में जलभराव जैसे हालात देखने को मिल रहे हैं। देहरादून में स्थित भगवान शिव के प्रसिद्ध टपकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भी नुकसान की सूचना है। यहां मंदिर के लिफ्ट वाले हिस्से का पुश्ता ढह गया है।

टपकेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी भरत गिरि महाराज ने बताया कि देर रात से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश के चलते मंदिर परिसर में लगी लिफ्ट के किनारे वाला पुश्ता ढह गया है। उन्होंने बताया कि पुश्ते का केवल छोटा सा हिस्सा गिरा है, इससे मंदिर में किसी भी तरह का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। साथ ही उन्होंने बताया कि मजदूर लगाकर मलबे को साफ किया गया है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही में किसी तरह की कोई रुकावट नहीं है।

सोमवार को शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहता है। यही वजह है कि सुबह जब श्रद्धालु टपकेश्वर महादेव पहुंचे, तो मंदिर परिसर के गेट के ठीक बाहर दीवार ढह जाने की वजह से शुरू में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन मंदिर संचालकों द्वारा व्यवस्था बनाई गई है। मंदिर में पूजा अर्चना में किसी भी तरह का कोई व्यवधान न हो, इसको लेकर व्यवस्था की गई है।

### जनपद के 24991 आपदा प्रभावितों को मिले 13 करोड़ 32 लाख 61 हजार : महाराज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
दैवीय आपदा से घरों को हुए नुकसान, परिवारों में मानव या पशु क्षति, भूमि कटाव और किसानों की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति की भरपाई के लिए सरकार जनपद के 24991 प्रभावितों को अब तक 13 करोड़ 32 लाख 61 हजार की धनराशि की सहायता दे चुकी है।

जनपद के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि 19 जुलाई को जब उन्होंने जनपद के आपदा प्रभावित क्षेत्रों मोहम्मदपुरबुजुर्ग, लंढौरा, मुंडनाना, साउथ सीवर लाइन, खानपुर, मोहनपुर, रुड़की स्थित गणेशपुर, रेलवे स्टेशन, पनियाला भगवानपुर बाजार, जौनपुर से मोहम्मदपुर बुजुर्ग तटबंध और बिरला टायर फैक्टरी का भ्रमण किया किया।

हालातों का जायजा लेने के पश्चात प्रभावितों को फौरी मदद देने के साथ-साथ मैंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से पानी में डूबे क्षेत्रों को आपदाग्रस्त क्षेत्र करने, लोगों के तीन माह के बिजली, पानी के बिल माफ करने और बैंकों से ऋण वसूली पर फिलहाल रोक लगाने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने इन सभी मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए जनता को प्रभावित क्षेत्रों को आपदाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के साथ-साथ तीन माह के पानी, बिजली के बिल माफ करने और बैंकों से तीन माह तक ऋण वसूली पर रोक लगाने को कहा है।

जनपद के प्रभारी मंत्री महाराज ने कहा कि जनपद के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को प्रदेश सरकार लगातार मदद देने का प्रयास कर रही है। जनपद के आपदा प्रभावित कुल 6336 लाभार्थियों को अभी तक 01 करोड़ 37 लाख 9 हजार की धनराशि की सहायता दी जा चुकी है जबकि 761 लाभार्थियों, जिनके घरों को आपदा से नुकसान पहुंचा है उन्हें गृह अनुदान के अन्तर्गत अभी तक 44 लाख 41 हजार 300 रुपये की फौरी सहायता दी जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि जनपद के आपदाग्रस्त क्षेत्रों में जिन लोगों के परिवारों में मानव या पशु क्षति हुई है। ऐसे 29 लाभार्थियों को 319100 रुपये की धनराशि दी गई है। प्रभावित 17805 किसानों को फसल क्षतिपूर्ति की भरपाई के 10 करोड़ 89 लाख 25 हजार की धनराशि की सहायता प्रदान की गई है।

# गौ मांस के साथ दो गिरफ्तार, 08 किलो गौ मांस बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड गौवंश संरक्षण स्क्वायड टीम ने रुड़की गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोहलपुर गाढ़ा में गौमांश बेचने की सूचना पर छापा मारकर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 8 किलो गौमांस बरामद किया है। आज पुलिस को रुड़की क्षेत्र के ग्राम सोहलपुर गाढ़ा गौ मांस बिक्री किए जाने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने छापा मारकर मौके से दो आरोपितों को दुकान में गौमांश बेचते हुए पकड़ लिया। दोनों के पास से 8 किलो गौ मांस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम अब्दुल रहमान, चांद मियां उर्फ



चांद निवासीगण ग्राम सोहलपुर गाढ़ा कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार बताए। आरोपित चांद मियां के विरुद्ध कोतवाली गंगनहर में पूर्व में ही गौकशी के तीन मुकदमे और एक मंगलौर कोतवाली में दर्ज हैं। पिछले वर्ष ही आरोपित चांद मियां के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम के तहत कोतवाली गंगनहर में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# मातृ सदन प्रकरणः आश्रम में घुसा व्यक्ति निकला मानसिक रोगी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
मातृसदन आश्रम में रात्रि के समय घुसे संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया है। संदिग्ध व्यक्ति मानसिक रोगी, भीख मांगकर भरता है पेट भरने वाला बताया गया है।

घटना के संबंध में चौकी जगजीतपुर पुलिस आश्रम में पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को चौकी लायी और पूछताछ की। बदहवास हालत में मिले संदिग्ध ने अपना नाम बबलू पुत्र बैजनाथ लगभग 24 वर्षीय निवासी जिला छपरा बिहार बताया। प्रथम दृष्टया संदिग्ध मानसिक रूप से बीमार प्रतीत हुआ। संदिग्ध ने यह भी बताया कि वह रात में पहले घाट और अन्य शेल्टर में सोकर जीवन



यापन कर रहा था।

मातृ सदन के आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ में पता चला कि कांवड़ के बाद से यह व्यक्ति यहां आसपास घूमता फिरता रहता है और दिमागी रूप से परेशान है। वह लोगों के घरों और दुकानों के आगे मांगकर अपना पेट भर रात है। जिला अस्पताल में नियुक्त मनोचिकित्सक राजीव रंजन तिवारी द्वारा भी मेडिकल जांच के दौरान व्यक्ति की दिमागी हालत ठीक नहीं बताई गई है।

दूसरी ओर 18 अगस्त को मातृ सदन आश्रम के क्लीनिक में घुसी करीब 22 वर्षीय एक महिला को किशन महाराज से पूछताछ कर छोड़ दिया गया। आश्रम में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त महिला के साथ एक लड़का भी सीसीटीवी कैमरे में दिख रहा है जो कि एक षड्यंत्र के तहत आश्रम में घुस कर एक बड़ी वारदात देने के अंजाम देने के इरादे से आए थे। इस संबंध में मातृ सदन से व्हाट्सेप के माध्यम से प्राप्त शिकायत पर प्रारंभिक जांच प्रारंभ कर दी गई है।

आश्रम में जब महिला को पकड़ा गया तो पुलिस को तत्काल कोई सूचना नहीं दी गई जिस कारण उक्त महिला से पूछताछ नही हो पाई।

# मंडी में लगी आग, सामान हुआ राख

**अग्निकांड**

**सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशककत के बाद आग पर काबू पाया।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सोमवार की रात्रि रुड़की के ढ़डेरा स्थित मंडी में आग लग गई, जिसमें दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशककत के बाद आग पर काबू पाया।

ढ़डेरा स्थित मंडी में रात्रि करीब 3 बजे आज फायर स्टेशन रुड़की को मंडी में आग लगने की सूचना मिली।



सूचना मिलते ही दमकल यूनिट मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से सब्जी के खोखे में रखे आलू प्याज आदि अन्य सामान जल गया। गनीमत रही की रात्रि होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई।

# सड़क दुर्घटनाएं पहाड़ी मार्गों के लिए अभिशाप : करन माहरा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने सड़क दुर्घटनाओं को पहाड़ी मार्गों के लिए अभिशाप बताते हुए कहा कि पहाड़ों में होने वाले ऐसे हृदय विदारक हादसों को रोकने के उपाय होने चाहिए।

माहरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बस दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच करवाये जाने और मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा दिये जाने की मांग करते हुए घायलों के समुचित उपचार के इंतजाम किये जाने की भी मांग की है।

# उत्तरकाशी बस दुर्घटना के घायलों का प्रभारी मंत्री प्रेमचंद ने एम्स पहुंच कर जाना हाल



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरकाशी के प्रभारी मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने बीते रोज गुजरात के श्रद्धालुओं से भरी बस के दुर्घटना में घायल हुए यात्रियों का एम्स, ऋषिकेश पहुंचकर हालचाल जाना।

इस दौरान डा. अग्रवाल ने घायलों का उपचार कर रहे चिकित्सकों से भी वार्ता कर गंभीर रूप से घायलों को समुचित उपचार दिए जाने के लिए कहा। प्रभारी मंत्री डा. अग्रवाल ने उत्तरकाशी जिलाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर घायलों के खोए सामान, मोबाइल फोन को पहुंचाने के निर्देश दिए।

सोमवार को मंत्री डा. अग्रवाल ने एम्स ऋषिकेश में उपचार को पहुंचे घायलों नैनाबेन (59), विवेक (23), मनीष (51), मुकेश (27), हरेंद्र सिंह (39), गुरुभाई (38), ब्रिजराज (40), संजय (42), अशोक (43), सुरेश (55), रेखा (52), देवकर (52), संजू (29), मीराबेन (27) के स्वास्थ्य की रिपोर्ट जानी। चिकित्सकों से स्वास्थ्य रिपोर्ट जानने के बाद मंत्री डा. अग्रवाल ने घायलों से वार्ता की। डा. अग्रवाल ने घायलों से वार्ता कर बताया कि उत्तराखंड सरकार आपके साथ हैं। उन्होंने बताया कि करीब चार लोग ज्यादा चोटिल हैं, जिनका समुचित उपचार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शेष घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ होने पर उन्हें डिस्चार्ज किया जाएगा।

डा. अग्रवाल के समक्ष घायलों से वार्ता के दौरान सामान, मोबाइल फोन आदि के खोने की जानकारी मिली। इस पर डा. अग्रवाल ने मौके से ही जिलाधिकारी उत्तरकाशी को दूरभाष पर वार्ता कर घायलों के खोए सामान, मोबाइल फोन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# ग्राम प्रधान के भाई की कार पर फायरिंग, एक घायल

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-हरिद्वार बाईपास पर भगवानपुर चंदनपुर के ग्राम प्रधान के भाई की कार पर अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इसमें ग्राम प्रधान के भाई नौशाद के साथ बैठे एक युवक को गोली लग गई, गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही नौशाद को भी हल्की चोटें आई हैं।

भगवानपुर चंदनपुर के ग्राम प्रधान का भाई नौशाद बीती देर रात अपने घर वापस जा रहा था, जैसे ही उसकी कार बिजौली



फ्लाईओवर के पास पहुंची तो वहां पहले से घात लगाए बैठे कुछ अज्ञात हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान कार में बैठा 38 वर्षीय गुलशाद पुत्र मकसूद निवासी भगवानपुर चंदनपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि उक्त युवक को 4 गोलियां लगी हैं।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को राहगीरों की मदद से रुड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया।

पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। मंगलौर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेश जोशी का कहना है कि हमले के दौरान एक युवक को चार गोलियां लगी हैं, घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# उत्तराखंड में बारिश-भू धंसाव से मुसीबत बरकरार, 25 अगस्त तक के लिए अलर्ट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बारिश, भूस्खलन और नदियों के बढ़ते जलस्तर के साथ भू-धंसाव की घटनाओं से मुसीबत बढ़ती जा रही है। पर्वतीय जनपदों में पहाड़ चटकने से लगातार अवरुद्ध हो रहे मार्गों पर आवागमन खतरों से भरा हुआ है। राज्य में 04 बॉर्डर सहित कुल 187 सड़कें अवरुद्ध हैं। प्रदेश में आगामी 25 अगस्त तक के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट को देखते हुए शासन की ओर से सभी जिलाधिकारियों और आपदा विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

रात्रि में मूसलाधार बारिश रुक-रुक होती रही। सोमवार सुबह से देहरादून सहित अन्य स्थानों पर झमाझम बारिश की बौछारें पड़ीं। पिछले दो दिनों से दून के आसपास के इलाकों में चिलचिलाती धूप से मौसम में उमसभरी गर्मी से लोग परेशान दिखे। रविवार और सोमवार की बारिश से



उमसभरी गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन दून की सड़कें और चौक चौराहे जलमग्न हो गए। आज दोपहर तक सूर्यदेव बादलों की ओट में छिपे हुए हैं। राज्य में अगले कुछ दिनों तक कहीं-कहीं भारी बारिश के आसार हैं। हरिद्वार गंगा का जलस्तर 291.90 पर है जो खतरे के निशान से नीचे है। टिहरी बांध का जलस्तर 819. 60 मीटर पर है।

देहरादून जिले की जौनसार बाबर के कालसी तहसील के क्षेत्र के कई गांव आपदा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। कालसी तहसील के बमटाड़ खत के खमरौली गांव में भारी बारिश के बाद भूधंसाव बढ़ा है। घरों के साथ ही प्राथमिक विद्यालय और पंचायत घर के भवन भी इसकी जद में आ गए हैं। 50 परिवारों वाले इस गांव में अब यह दरारें चौड़ी हो रही हैं। इसके कारण 25 घर खतरे की जद में आ गए हैं। देहरादून के विकास नगर में पिछले दिनों मदसू मजरा जाखन में भूस्खलन से कुल 28 परिवार प्रभावित हुए हैं। इन गांवों में आगे भी खतरा बना हुआ है। यहां से सभी परिवारों को शिफ्ट किया गया है।

सचिव, आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने देहरादून जिले के जाखन, खमरौली को लेकर जिलाधिकारी से प्रारंभिक रिपोर्ट मांगी गई है। वहां भू-धंसाव के कारणों की जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम भेजने के साथ ही अन्य कदम उठाए जा रहे हैं।

प्रदेश में आगामी 24 अगस्त के लिए 06 जिले लिए ऑरेंज अलर्ट 25 अगस्त के लिए प्रदेश के सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी है। आज (सोमवार) से लेकर 23,24 अगस्त के लिए जिले के देहरादून,पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल, चंपावत,नैनीताल, बागेश्वर में कहीं-कहीं गरज चमक के साथ भारी से बहुत भारी बारिश की तीव्र बौछारें पड़ने को लेकर ऑरेंज जबकि अन्य जिलों में येलो अलर्ट की चेतावनी है। 22 अगस्त को देहरादून,पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल, नैनीताल, बागेश्वर में आरेंज और अन्य जनपदों के लिए येलो जारी किया गया है। प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से सीमांत

# कोतवाली पुलिस ने दबोचा स्मैक तस्कर, दस हजार रुपये भी हुए बरामद

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली पुलिस ने एक अभियुक्त को 8.50 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने स्मैक बेचकर कमाए गए दस हजार रुपये भी बरामद किए हैं।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक खुशीराम पांडे ने बताया कि मिली सूचना पर शनि देव मंदिर चंद्रेश्वर नगर के पास एक व्यक्ति को रोककर चेक किया गया तो उसके पास से कुल 8.50 ग्राम अवैध स्मैक और ?10000 बरामद हुए। पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि यह रुपये उसने



स्मैक बेचकर ही कमाए हैं। अभियुक्त की पहचान रघुनंदन निवासी ग्राम बड़ागांव थाना मनिहारी जिला बलिया उत्तर प्रदेश हाल निवासी न्यू त्रिवेणी कॉलोनी ऋषिकेश देहरादून के रूप में हुई है।

उसके खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया है।

# 11 सूत्री मांगों को लेकर जोशीमठ आपदा प्रभावितों ने दिया धरना

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के जोशीमठ भूधंसाव प्रभावितों ने अपनी 11सूत्री मांगों पर सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने पर सोमवार को तहसील परिसर में धरना दिया और एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा।
जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती और प्रवक्ता कमल रतूड़ी ने कहा कि संघर्ष समिति की ओर से जोशीमठ बचाने को लेकर ठोस कार्रवाई किये जाने को लेकर तीन माह तक लगातार आंदोलन किया गया।
इसके बाद आठ अप्रैल को मुख्यमंत्री से देहरादून में 11सूत्री



मांग पर वार्ता हुई, जिस पर सीएम ने सहमति जताते हुए शीघ्र ही समाधान की का आश्वासन दिया, लेकिन चार माह गुजर जाने के बाद भी अभी तक उनकी मांग पर कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लायी गई है। इससे लोगों में खासा रोष व्याप्त है। आपदा प्रभावित स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहे है। उन्होंने सरकार से अविलंब उनकी मांगों पर गौर करते हुए समाधान की मांग की है।
धरना देने वालों में अतुल सती, कमल रतूड़ी, प्रेमा देवी, पूनम देवी, जानकी देवी, पार्वती देवी, प्रेमा लाल, विमला देवी, बद्री लाल आदि शामिल थे।

**जोशीमठ के प्रभावितों की मांग-**
संपूर्ण जोशीमठ को आपदा प्रभावित घोषित करते हुए प्रभावित वर्गों को हुए नुकसान की भरपाई की जाय। जिसमें दूध व्यवसाईयों, दैनिक मजदूरों, पर्यटन पर निर्भर लोगों, व्यवसाइयों एवं कृषकों को हुए नुकसान की भरपाई की जाए।
जोशीमठ की आपदा के संदर्भ में देश की शीर्ष आठ संस्थाओं ने सर्वेक्षण अध्ययन किया गया है। उनके अध्ययन की रिपोर्ट को शीघ्र सार्वजनिक किया जाना चाहिए, जिससे लोगों में व्याप्त तमाम आशंकाओं का समाधान हो सके।
जोशीमठ में बहुत सी बेनामी भूमि पर लोग काबिज हैं, जिससे इस आपदा काल में लोगों के सामने भूमिहीन होने का संकट खड़ा हो गया है। अतः स्थानीय स्तर पर भू बन्दोबती कर लोगों के खातों में भूमि दर्ज की जाए।
स्थानीय निवासियों की सेना को गयी भूमि का भुगतान करवाया जाये, जिससे इस आपदा काल में लोगों को आर्थिक सहायता हो सके।सरकार की ओर से घोषित मुआवजा नीति में होम स्टे को व्यावसायिक श्रेणी से हटाया जाये।

# टिहरी में थाना चंबा के पास भूस्खलन, दो से तीन बच्चों के दबे होने की आशंका



**चंबा (टिहरी)/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद टिहरी गढ़वाल के अंतर्गत थाना चंबा के पास भूस्खलन होने से मकान में 2 से 3 बच्चों के दबे होने की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर रहात कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिला नियंत्रण कक्ष, टिहरी ने एसडीआरएफ को सूचना मिली कि थाना चंबा के पास भूस्खलन होने से कुछ लोग दब गए हैं। इस सूचना पर पोस्ट कोटि कॉलोनी से हेड कांस्टेबल राकेश रावत के टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया है ।
स्थानीय लोगों के मलबे में 2 या 3 बच्चे दबे होने की आशंका जताई जा रही है। जेसीबी से मौके पर मलबा हटाया जा रहा है।
एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर रेस्क्यू अभियान चला रही है।

# उपराज्यपाल मनोज-एनएसई एमडी और सीईओ आशीषकुमार ने सीटी स्कैन सेंटर का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ** इंडिया लिमिटेड (एनएसईआईएल) की सीएसआर गतिविधियों की कार्यान्वयन शाखा एनएसई फाउंडेशन ने श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में भारतीय सेना के प्रतिष्ठित 92 बेस अस्पताल में एक अत्याधुनिक सीटी स्कैन विंग बनाया है। सीटी स्कैन विंग का उद्घाटन उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई (15 कोर कमांडर) और आशीषकुमार चौहान, एमडी और सीईओ, एनएसईआईएल की उपस्थिति में किया। श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में 92 बेस अस्पताल एक 598 बिस्तरों वाला मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल है जहां कई आघात रोगियों को बंदूक की गोली के घाव, छींटे और छर्रे की चोटों के साथ-साथ अन्य गंभीर चोटों के इलाज के लिए भर्ती किया जाता है जिनके लिए शीघ्र निदान की आवश्यकता होती है। उचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए ऐसी चिकित्सा सुविधा के लिए एक कुशल और विश्वसनीय सीटी स्कैन मशीन से लैस होना जरूरी है। आपूर्ति किया गया उपकरण जीई (रिवोल्यूशन मैक्सिमा) का नवीनतम मॉडल है जो एक शक्तिशाली, उच्च प्रदर्शन वाला और विश्वसनीय सीटी स्कैनर है। इसमें एआई-आधारित तकनीक सहित कई नवीन प्रौद्योगिकियां शामिल हैं जो स्वचालित रूप से रोगी को स्कैनर के बोर में केंद्रित करती हैं। परिणामस्वरूप, रोगियों को अधिक तेजी से और सटीक रूप से स्कैन किया जा सकता है, जिससे प्रतीक्षा समय कम हो जाता है और प्रभावी निदान हो जाता है। माननीय उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि सीटी उपकरण के साथ नया विंग समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए बहुत आवश्यक है। इससे इस अस्पताल में मरीजों के उपचार प्रोटोकॉल और परिणामों में वास्तविक अंतर आएगा। हमें खुशी है कि एनएसई फाउंडेशन ने अस्पताल सुविधाओं को उन्नत करने का बीड़ा उठाया है, और हम घाटी में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और उन्नत चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के अवसरों पर एनएसई फाउंडेशन के साथ काम करने के लिए तत्पर हैं।

# 12 घंटे में पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, 2 गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारत नगर रुड़की निवासी वसीम के घर से खिड़की तोड़कर एलईडी चोरी होने के मामले में पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी का सामान बरामद करते हुए उनका चालान कर दिया है। 20 अगस्त को वसीम ने मंगलौर कोतवाली में अज्ञात चोरों के घर का ताला तोड़कर एलईडी चोरी करने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने 12 घंटे के भीतर ही मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है।

# लांस नायक दौलत सिंह को मंत्री जोशी ने दी अंतिम विदाई

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के बिलासपुसर कांडली में लांस नायक दौलत सिंह मेहर के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मंत्री ने इस दुख की घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाया और सांत्वना दी।
सोमवार को सैनिक कल्याण मंत्री ने लांस नायक दौलत सिंह मेहर के आकस्मिक मृत्यु पर गहरा शोक भी प्रकट किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों को इस गहरे आघात को सहने की कामना की। मंत्री ने परिवार जनों को



सरकार की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया। लांस नायक दौलत सिंह मेहर 3/8 जीआर सिलोंग में तैनात थे और 04 अगस्त को देहरादून अपने घर छुट्टी आए थे। बीते 13 अगस्त को देहरादून में एक सड़क दुर्घटना में जवान दौलत सिंह मेहर बेहद गंभीर रूप में घायल हुए थे। इसके बाद उन्हें देहरादून स्थित एमएच अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। दौलत सिंह मेहर के पिता मोहन सिंह मेहर भी पूर्व सैनिक है।
इस अवसर पर पीटीआर शमशेर सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान लव कुमार तमांग, ज़िला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल जीएस चंद सहित सैन्य अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### गंगोत्री हाइवे हादसा : बस की तेज गति लील गई सात जिदगियां, चालक पर मुकदमा दर्ज

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
बीती सायं गुजरात के तीर्थयात्रियों के बस हादसे के मामले में पुलिस ने प्रारंभिक जांच में चालक की लापरवाही पाते हुए तेजगति से वाहन चलाने को लेकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए गए हैं। गौरतलब है कि गुजरात के तीर्थयात्रियों की बस संख्या यूके07पीए-8585 गंगोत्री धाम से वापस आते समय गंगोत्री हाइवे पर गंगनानी के पास खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी थी और 28 तीर्थयात्री घायल हो गये थे। पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू की कमान संभाली गयी। पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, वन विभाग, बीआरओ और कुछ स्थानीय लोगों ने त्वरित रेस्क्यू कार्रवाई कर गोल्डन आवर्स के अन्दर घायल तीर्थयात्रियों को अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई। पीड़ितों के बयान के आधार पर चालक की गति तेज थी, जिससे वह वाहन को कंट्रोल नहीं कर पाया और वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एसपी उत्तरकाशी पुलिस अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रथम दृष्टतया जांच में चालक तेजी और लापरवाही से वाहन चलाना पाया गया है। चालक मुकेश कुमार पुत्र फूलसिंह निवासी टिपरपुर सभावाला देहरादून के खिलाफ कोतवाली मनेरी में धारा 279,337, 338 व 304 (अ) भादवि के अंतर्गत नामजद मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी ने रेस्क्यू कार्य के लिए बचाव टीमों, पुलिस, प्रशासन की टीम के साथ-साथ स्थानीय लोगों के सहयोग की सराहना की गयी। उन्होंने कहा है कि स्थानीय लोगों और होटल एसोसिएशन ,रेड क्रॉस, पूर्व सैनिक कल्याण और स्वयंसेवकों ने रेस्क्यू कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है।

### छात्रवृत्ति और फीस के लिए पोर्टल खोलने की मांग

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
छात्रवृत्ति और फीस जमा करने के लिए एमबीपीजी कॉलेज में पोर्टल खोलने की मांग की गई है। सोमवार को सचिव प्रत्याशी कमल बोरा के नेतृत्व में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें कहा गया कि छात्रवृत्ति और फीस के लिए कई के बायोमेट्रिक दर्ज नहीं हुए हैं, जिससे छात्र-छात्राएं फीस जमा नहीं कर पा रहे हैं। इसको लेकर छात्रों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने मांग की कि पोर्टल को खोलकर समस्या समाधान किया जाए।

# 15 दिनों से बन्द है हेलंग-उर्गम मोटर मार्ग, 9 ग्राम पंचायतों में खाद्यान्न संकट

**गुहार**

▶▶ एसडीएम को दिए पत्र की प्रति जिलाधिकारी चमोली एवं थानाध्यक्ष जोशीमठ को भी प्रेषित की गई है।

**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
जोशीमठ प्रखंड के उर्गम घाटी की 9 ग्राम पंचायतों को जोड़ने वाला हेलंग-उर्गम मोटर मार्ग बीते 15 दिनों से अवरुद्ध है। इससे क्षेत्र में खाद्यान्न संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उर्गम घाटी के ग्रामीणों ने कार्यदायी संस्था एवं प्रशासन से सड़क खोलने की लगातार गुहार लगाई जा रही है लेकिन स्थिति



जस की तस है। सड़क खोलने की दिशा में कोई शुरूआत तक नहीं हो सकी।
सोमवार को ब्लॉक प्रमुख हरीश परमार ने एसडीएम को पत्र देकर स्पष्ट किया है कि विगत 15 दिनों से हेलंग-उर्गम मोटर मार्ग अवरुद्ध है जिसके कारण उर्गम घाटी की 9 ग्राम पंचायतों में खाद्यान्न संकट गहरा गया है। उन्होंने पत्र में कहा कि पूर्व में भी सड़क न खुलने की स्थिति में जनांदोलन की लिखित सूचना दी गई थी, जिसका कोई प्रभाव कार्यदायी संस्था पर नहीं हुआ और सड़क आज भी अवरुद्ध है।एसडीएम को दिये गए पत्र में कहा गया है कि यदि 23 अगस्त तक हेलंग-उर्गम मोटर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरू नहीं हुई तो घाटी के ग्रामीण 24 अगस्त को तहसील का घेराव व धरना/प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। एसडीएम को दिए पत्र की प्रति जिलाधिकारी चमोली एवं थानाध्यक्ष जोशीमठ को भी प्रेषित की गई है।
प्रधान संगठन जोशीमठ के अध्यक्ष अनूप नेगी ने कहा कि शासन-प्रशासन की अनदेखी व उपेक्षा के कारण न केवल उर्गम घाटी के 9 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण परेशानी में हैं बल्कि पवित्र श्रावण मास/पुरषोत्तम मास में शिव भक्त श्रद्धालु पंच केदारों में एक कल्पनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए भी नहीं पहुंच सके।

# पार्षदों का नगर निगम में प्रदर्शन, नगर आयुक्त को घेरा

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
शहर में स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त न होने से भड़के पार्षदों ने सोमवार को नगर निगम में प्रदर्शन किया और नगर आयुक्त का घेराव किया।
निगम नेता प्रतिपक्ष व पार्षद रवि जोशी के नेतृत्व में पहुंचे पार्षदों ने नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय का घेराव किया। उनका कहना था कि बीते लंबे समय से शहर क्षेत्र में पथ प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पा रही है, ऐसे में वार्डवासियों को विशेषकर रात के समय परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच नगर आयुक्त ने 10 दिन के भीतर लाइटें दुरुस्त करने का भरोसा दिलाया।

# गंगानगर में जलभराव की समस्या के निदान के लिए दिया ज्ञापन

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
पिछले दिनों हुई बारिश से गंगा नगर के अधिकांश आबादी वाले क्षेत्र में हुए अधिक जल भराव को लेकर गंगानगर बचाओ संघर्ष समिति ने नगर निगम के आयुक्त का घेराव कर जलभराव से निजात दिलाए जाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन दिया।
सोमवार को संघर्ष समिति के संयोजक अनिकेत गोयल के नेतृत्व में दिए गए नगर निगम में प्रदर्शन के दौरान दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि गंगा नगर क्षेत्र काफी आबादी वाला है, जहां बारिश का के पानी की भी



समस्या लगातार बढ़ रही है। हल्की सी बारिश होने पर भी उनके बेसमेन्ट व आसपास में पानी भर जाता है, जिससे क्षेत्र के लोगों को अब भय होने लगा है7 ज्ञापन में कहा गया कि गंगा नगर में निर्मित बड़ी बड़ी इमारत पानी भरने के कारण कहीं गिर ना जाये, जिससे भविष्य में होने वाली बड़ी जान माल का नुकसान गंगा नगर वासियों को भुगतना पड़ सकता है। ज्ञापन में मांग की गई है कि निगम द्वारा गुल्हाटी प्लांट से परशुराम चुंगी तक एक नाला निर्मित करवाया जाये, जो अपर गंगानगर बनखण्डी होते हुए जो रेलवे स्टेशन जंगल से अधिक मात्रा में आने वाले पानी की निकासी हो जायेगी, जिससे गंगानगर में पानी ना जाकर चुंगी की ओर चला जायेगा।

# 5 साल तक मानार्थ सड़क किनारे सहायता कार्यक्रम करता है प्रदान

**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी। टोयोटा कि**र्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने और नए वाहन की खरीद की तारीख से 5 साल के लिए मानार्थ सड़क किनारे सहायता कार्यक्रम के साथ मन की अद्वितीय शांति प्रदान करने की दिशा में एक और उल्लेखनीय कदम उठाया है। यह अग्रणी पहल अपने मूल्यवान ग्राहकों के लिए निर्बाध स्वामित्व अनुभव सुनिश्चित करने की टोयोटा की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। यह आरएसए पैकेज केवल ब्रेकडाउन सपोर्ट के बारे में नहीं है; इसका उद्देश्य प्रत्येक टोयोटा मालिक को आश्वासन, सुविधा और सुरक्षा की भावना प्रदान करना है।
वर्षों से, ग्राहक न केवल उत्पादों बल्कि समय पर और बेजोड़ सड़क किनारे सहायता को कवर करने वाली सेवा पेशकशों में टोयोटा की विश्व स्तरीय गुणवत्ता, स्थायित्व और विश्वसनीयता (क्यूडीआर) की भी सराहना करते रहे हैं, जिससे ग्राहक अनुभव को समृद्ध करने की कंपनी की निरंतर खोज को रेखांकित किया गया है। 2010 में लॉन्च किया गया, आरएसए कार्यक्रम टीकेएम के ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण का अभिन्न अंग रहा है, जो सम्मानित ग्राहकों को उनकी आपातकालीन जरूरतों के दौरान तत्काल सड़क किनारे सहायता प्रदान करता है।
टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट उपाध्यक्ष - बिक्री और रणनीतिक विपणन, अतुल सूद ने कहा कि हम अपने मूल्यवान ग्राहकों के प्रति टोयोटा की अटूट प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में, ग्राहकों के लिए बिना किसी अतिरिक्त लागत के सड़क किनारे सहायता कार्यक्रम को 5 साल (नए वाहन की खरीद की तारीख से) तक बढ़ाते हुए रोमांचित हैं। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में, हमारा दृढ़ विश्वास है कि हमारे ग्राहकों के साथ हमारा रिश्ता उत्पादों और सेवाओं की पेशकश से परे है - यह एक ऐसा अनुभव बनाने के बारे में है जो स्वामित्व अवधि के दौरान सहज, सुविधाजनक और आश्वस्त करने वाला है। 5 वर्षों की लंबी अवधि के लिए मानार्थ आरएसए कार्यक्रम के साथ, हम नए उद्योग मानक स्थापित कर रहे हैं, अपनी उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं और समय पर सहायता को और बढ़ा रहे हैं।

# लोकतंत्र में मतदान के महत्व को लेकर जागरूकता का रखा गया लक्ष्य: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा प्रत्येक विधानसभा में 10 हजार मतदाता जोड़ेगी। इसके लिए भाजपा पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।
भारतीय जनता पार्टी के चलाये जा रहे राष्ट्रव्यापी वोटर चेतना महाअभियान के तहत भाजपा गढ़वाल संभाग के पदाधिकारियों और महाअभियान के लिए बनाई गई टोली की एक दिवसीय कार्यशाला सोमवार को राजधानी के होटल में हुई। 18 वर्ष की उम्र पार करने वाले युवा किसी भी प्रकार से मतदाता सूची से वंचित ना रहे। इस पर जोर देते हुए प्रत्येक विधानसभा में 10 हजार नये मतदाता जोड़ने का लक्ष्य रखा गया ।
कार्यशाला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अपने पदाधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा की "वोटर चेतना



महाअभियान " की समिति घर घर जाकर 1 जनवरी 2024 को जो भी युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते हैं उनके मतदाता पहचान पत्र बनाकर मतदाता सूची में शामिल करने का काम करेंगे। कोई भी 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुका युवा मतदाता सूची में छूट न जाये। इसका विशेष ध्यान रखा जाए और कार्यकर्ता विधानसभा वार निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्थानीय पार्टी के पदाधिकारी , मेयर , जिलापंचायत अध्यक्ष , ब्लॉक प्रमुख एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नये वोटरों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर हम लोकतंत्र में मतदान के महत्व को लेकर जागरूकता का प्रसार कर रहे हैं।
कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय ने कहा की जैसे हम भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते अपने पक्ष में अधिकाधिक वोटों को प्रभावित करने के लिए कार्य करते हैं, उसी प्रकार से हमारा काम नया वोट बनाना भी है। इसके लिए इस अभियान के तहत हमें जुटना चाहिए। नये वोटर को भी जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है।
उन्होंने कहा कि वोटर चेतना अभियान की टोली इस अभियान में युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों का सहयोग लेकर नए मतदाताओं को जोड़ने का काम करेंगे।
वोटर चेतना महाअभियान के संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार ने पीपीटी के माध्यम से अभियान की जानकारी साझा की। उन्होंने जानकारी दी आगामी दिनों में विधानसभा ,मंडल एवं बूथ स्तर पर जिले से पांच कार्यकताओं को संयोजक और सदस्य नियुक्त किया गया है जिनकी टोली घर घर जाकर आम जनता से संपर्क कर नए मतदाता बनाने का काम करेगी। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारियाँ साझा की।
कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल सहित गढ़वाल संभाग के समस्त प्रदेश पदाधिकारी, ज़िलाध्यक्ष महाअभियान की प्रदेश, ज़िला और विधानसभा स्तर पर गठित टोली के सदस्यों ने भाग लिया ।

G20
उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
एसटीबीएस की निविदाएं मुरादाबाद मंडल द्वारा 24.07.2023 को आमंत्रित की जानी थी और 24.08.23 को खोली जानी थी। रेलवे बोर्ड के 2023 दिनांक 18.08.2023 के एक नए वाणिज्यिक परिपत्र संख्या – 16 की आइटम नंबर 1.1 के माध्यम से प्राप्त हुआ जिसमें उल्लेख किया गया है कि "यदि कोई निविदाकर्ता/आवेदक स्लैब –3 में उप-शून्य कमीशन (0%) उद्धृत करता है, उसका आवेदन सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।"
इसलिए, निविदा की तिथि बढ़ा दी गई है और इसे 04.09.2023 को 15.00 बजे खोला जाएगा।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2393/23

